प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी आज धनबाद दौरे पर आ रहे है। वे बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें कोकिंग कोल की जरूरत के साथ नई तकनीक के उपयोग पर चर्चा होगी। श्री रेड्डी इसके अलावा झरिया में अग्नि और भू–धंसान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। इस मौके पर कोल सेक्टर में पौधारोपण अभियान का भी शुभारंभ करेंगे।

****

राज्य में आज मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी के.रवि कुमार ने बताया कि यह सूची सभी मतदान केन्द्रों पर ब्लॉक स्तर के अधिकारी द्वारा दिखाई जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान केन्द्र पर जाकर मतदाता सूची के प्रारूप में अपने नाम की पुष्टि करें। अगर सूची में कुछ भी त्रुटि हो तो तुरंत ब्लॉक स्तर के अधिकारी को सूचित करें। मतदाता निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्प लाइन ऐप और वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे भी ऑनलाइन अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं। 20 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

****

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर आज शाम रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सत्ताधारी विधायकों की बैठक बुलायी गयी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि आज की बैठक में मानसून सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष सत्र के दौरान साकारात्मक भूमिका निभायेगा।

****

इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने सदन के भीतर सरकार को घेरने की तैयारी कर रखी है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों पर विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा।

****

मानसून सत्र के सुचारु संचालन के लिए विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो आज सर्वदलीय बैठक कर रहे हैं। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन के भीतर मर्यादित आचरन करने की अपील की है।

****

इधर, सत्र को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। विधानसभा सत्र के दौरान सड़क से लेकर विधानसभा तक सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सहायक पुलिस और पारा शिक्षकों के आंदोलन को देखते हुए विधानसभा की ओर जाने वाली आधा दर्जन से अधिक सड़कों पर बैरिकेडिंग भी की गई है।

****

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई एक बार फिर हजारीबाग पहुंची है। पिछले दो दिनों से सीबीआई हजारीबाग के ओएसिस स्कूल और रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस में जांच कर रही है। राज गेस्ट हाउस को सीबीआई ने पिछले दिनों सील कर दिया था। आज फिर सीबीआई की टीम ने राज गेस्ट हाउस के अंदर पड़ताल की। जांच टीम में लगभग 12 सदस्य शामिल हैं। इस दौरान दो संदिग्धों को सीबीआई अपने साथ लेकर आई है। बताया जाता है कि इसमें एक मुख्य आरोपी पंकज और दूसरा राज गेस्ट हाउस के मालिक राजू है। इस दौरान फोरेंसिक टीम भी मौजूद है।

****

गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने मानव तस्करी के मामले में एक फरार आरोपी सुरेंद्र पहाड़िया को गिरफ्तार किया है। सुरेन्द्र पहाड़िया पर कई गांव से पहाड़ियां तथा आदिवासी लड़कियों को नौकरी का सब्जबाग़ दिखाकर दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भेजे जाने का आरोप है।

****

खूंटी जिले की कई महिला किसानों ने सखी मंडल से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बना ली है।

****

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथ राजकीय श्रावणी मेला में खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित राम के नेतृत्व में मेला क्षेत्र की कई दुकानों में छापेमारी की गयी। इस दौरान 150 किलोग्राम मिलावटी पेड़ा और तीन टीन फंगस युक्त आचार को नष्ट किया गया।

*******समाप्त********